हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 25 मार्च 2026

11 21 हजार की इनामी कुश्ती अंकुश व संजय के...



12 महेंद्रगढ़ में नगर पालिका का डोर-टू डोर कूड़ा संग्रहण...




शिक्षा की डोर नव उत्थान की ओर.....

# ViJAY INTERNATIONAL SCHOOL

SH-24, SATNALI ROAD, BALANA ,MAHENDERGARH (HR)

Affiliated to CBSE New Delhi, Affiliation No. 532167

A Golden Opportunity for students studying in classes 1st - 12th to test their talent and win cash prizes



CHAIRMAN
VIJAY YADAV (TUMNA)

CASH PRIZE
जीतने का सुनहरा अवसर

Chairman's
## SCHOLARSHIP TEST

29th March 2026 | Time : 10:00 AM to 11:30 AM

जो छात्र स्कॉलरशिप टेस्ट में भाग ले रहे हैं, वे अपने वर्तमान स्कूल का आई कार्ड और आधार कार्ड दोनों साथ में लाना अनिवार्य है।

Congratulations!
Gold Medal in karate
WORLD CHAMPIONSHIP Bangkok
1st Position






Vashika D/o Kuldeep Yadav
Ayan S/o Mukesh Kumar



1st Position in India
National Championship in Andhra Pradesh
Dipanshu S/o Umed Singh




IIT-JEE
NEET, NDA
Pre Foundation, Foundation
SCHOOL + COACHING + HOSTEL

Our Salient Features
- Experienced And Inspiring Staff
- Colorful Smart Class Room
- Activity, Yoga & Dance Room
- Play Ground, Picnic & Field trips
- Indoor/Out Door Games
- Affordable Fee Structure

### Positionwise Prizes

| Classes | 1st | 2nd | 3rd | 4th | 5th | 6th | 7th | 8th | 9th | 10th |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1st | 5100 | 3100 | 2100 | 1100 | 500 | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle |
| 2nd | 5100 | 3100 | 2100 | 1100 | 500 | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle |
| 3rd | 5100 | 3100 | 2100 | 1100 | 500 | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle |
| 4th | 5100 | 3100 | 2100 | 1100 | 500 | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle |
| 5th | 5100 | 3100 | 2100 | 1100 | 500 | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle |
| 6th | 5100 | 3100 | 2100 | 1100 | 500 | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle |
| 7th | 5100 | 3100 | 2100 | 1100 | 500 | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle |
| 8th | 5100 | 3100 | 2100 | 1100 | 500 | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle |
| 9th | 5100 | 3100 | 2100 | 1100 | 500 | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle |
| 10th | 5100 | 3100 | 2100 | 1100 | 500 | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle |
| 11th Sci. | 5100 | 3100 | 2100 | 1100 | 500 | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle |
| 11th Com. | 5100 | 3100 | 2100 | 1100 | 500 | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle |
| 11th Arts | 5100 | 3100 | 2100 | 1100 | 500 | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle |
| 12th Sci. | 5100 | 3100 | 2100 | 1100 | 500 | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle |
| 12th Com. | 5100 | 3100 | 2100 | 1100 | 500 | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle |
| 12th Arts | 5100 | 3100 | 2100 | 1100 | 500 | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle | Water bottle |

### फीस में छूट

| Marks | Fee Concession |
|---|---|
| Above 95% | 100% |
| 90.1% - 95% | 90% |
| 85.1% - 90% | 80% |
| 80.1% - 85% | 70% |
| 75.1% - 80% | 60% |
| 71.1% - 75% | 50% |
| 65.1% - 70% | 40% |
| 60% - 65% | 30% |

बस सुविधा सभी रूटों पर उपलब्ध रहेगी।

विद्यार्थी जिस कक्षा में पढ़ रहा है उसी कक्षा का Syllabus आएगा

For any Query Please Contact us:
Principal : 9053008081
Co-Ordinator : 9053008082
Transport Incharge : 9053008090

Fully Digital Campus
Fully AC Hostel
Special Coaches for All Games

For Registration SCAN

ADMISSIONS OPEN For Session 2026-27

vijayinternationalschools@gmail.com
vijayinternationalschool.com

## खबर संक्षेप



### कनीना में शुरू किया गलियों का निर्माण कार्य

**कनीना।** शहर में टूटी सड़कों व रास्तों को ठीक करने के लिए पेचवर्क कार्य शुरू कर दिया गया है। नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा व सचिव कपिल कुमार ने बताया कि वार्ड वासियों की सुविधा के लिए गली निर्माण, पैच वर्क तथा नई कॉलोनियों में स्टीट लाइट लगाने का कार्य भी साथ साथ किया जा रहा है। नारियल फोड़कर इस कार्य का शुभारंभ वार्ड 10 में प्रकाश के मकान से योगेश पार्षद के घर तक किया है। वार्ड आठ में सीताराम मंदिर के सामने वाली गली तथा गीता स्कूल वाली गली का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

### डीसी ने सुनी आमजन की समस्याएं

**नारनौल।** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मंगलवार को अपने चिर परिचित अंदाज में लघु सचिवालय के बरामदे में बैठकर आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनता के बीच सीधे संवाद करते हुए लोगों की शिकायतों को सुना। उपायुक्त ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को बुलाकर उनके तुरंत निपटान के कड़े निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि आमजन की शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करना सरकार व जिला प्रशासन का मुख्य ध्येय है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याएं सुनना तथा उनका समाधान करना प्रशासन के लिए सर्वोपरि कार्य है। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि किसी भी नागरिक को अपने जायज कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी न हो और हर शिकायत का निवारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।

### नेशनल अवॉर्ड जीतने का सुनहरा अवसर

**नारनौल।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार 2024 के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पुनः शुरू की गई है। जिला एमएसएमई केंद्र के उपनिदेशक संदीप ने बताया कि इच्छुक उद्यमी 20 अप्रैल तक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### प्रवक्ता उर्मिला हिंदी गौरव सम्मान से सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** गांव मालड़ा सराय निवासी एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जांट स्कूल में कार्यरत हिंदी प्रवक्ता उर्मिला यादव पत्नी अमीर सिंह को हिंदी भाषा के प्रति समर्पित योगदान के लिए हिंदी गौरव सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान दुबई स्थित



अंतर्राष्ट्रीय साहित्य अर्पण मंच द्वारा हिंदी के प्रचार-प्रचार, संवर्धन और निरंतर सेवा के लिए प्रदान किया गया। उर्मिला यादव साहित्य सृजन के माध्यम से हिंदी भाषा के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इनके अनेक सांझा संकलन एवं हिंदी साहित्य वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तर पुस्तक प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रकाशित हो चुकी है। विभिन्न मंचों से अनेक सम्मान भी प्राप्त हो चुके हैं।

### मजदूरों की सहायता करे प्रदेश सरकार : हरकेश

**नारनौल।** अमेरिका–इजराइल तथा ईरान युद्ध की वजह से औद्योगिक गैस एवं पैट्रोलियम पदार्थों की सप्लाई में कटौती होने के कारण अनेक औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पादन प्रभावित हो रहा है। कच्चे माल की सप्लाई में भी उद्योग जगत को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए अनेक क्षेत्रों में उद्योगपति या तो उद्योगों को बंद कर रहे हैं या फिर उत्पादन में कटौती की जा रही है, जिसका प्रभाव सीधे तौर पर मजदूरों पर भी पड़ रहा है। भारतीय मजदूर संघ के जिला मन्त्री हरकेश ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अभी तक कारखानों में उत्पादन को कम करने या फिर बंद करने की वजह से हरियाणा के पानीपत, अम्बाला, करनाल एवं फरीदाबाद जैसे बड़े औद्योगिक शहरों से मजदूरों का पलायन शुरू हो गया है, क्योंकि उनके सामने परिवार की रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

---

पति ने पत्नी व साली के खिलाफ करवाया चोरी का मामला दर्ज

# स्कूल की छुट्टी के बाद घर लौटा टीचर, न मिली पत्नी और न ही शादी के 16 लाख कीमत के गहने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हिंदी फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' का बड़ा प्रसिद्ध गाना है 'कि लुट गए, हां, लुट गए हम तेरी मोहब्बत में'। न जाने फिल्मकार ने यह गाना क्या सोचकर लिखवाया होगा, लेकिन शहर में एक प्राइवेट स्कूल टीचर के साथ कुछ ऐसा ही घटित हो गया है। टीचर जब स्कूल की छुट्टी होने उपरांत घर लौटा तो न तो उसे उसकी पत्नी मिली और न ही उसकी शादी के करीब 16 लाख कीमत के सोने–चांदी के गहने मिले। ऐसे में हालांकि पुलिस में पत्नी एवं पत्नी की मौसेरी बहन (साली) के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कराया गया है, लेकिन दुखियारे पति एवं परिवार की हालत खराब है। जानकारी के अनुसार शहर के मोहल्ला केशव नगर में एक प्राइवेट स्कूल टीचर रहता है। वह साइंस पढ़ाता है। रोजाना की भांति वह प्रातःकाल को स्कूल गया था और दोपहर करीब तीन–साढ़े तीन बजे घर लौटा। उस समय उसके परिवारजन आराम कर रहे थे। जबकि घर लौटने पर रोजाना की तरह ही उसने अपनी पत्नी को बुलाना चाहा, लेकिन कमाल की बात यह थी वह वहां मौजूद नहीं थी। उसने मकान के अन्य कमरों में भी उसे तलाशा, लेकिन वह घर में कहीं नहीं मिली। जब उसने अन्य कमरे में जाकर देखा तो वहां की अलमारी थोड़ी खुली मिली। उन्होंने जब उसे पूरी तरह खोला तो उसके अंदर रखा लॉकर भी खुला मिला। यह देखकर उसके पैरों की जमीन खिसक गई तथा धीरे–धीरे अनहोनी का अहसास होने लगा और उसकी परेशानी बढ़ गई। जब उन्होंने लॉकर खोलकर देखा तो वह पूरी तरह से खाली था। टीचर के अनुसार लॉकर में सोने की चार ग्राम की बालियां, एक तोला सोने की चेन, तीन तोला की दो चूड़ियां, दो तोले का मंगलसूत्र, तीन ग्राम की अंगूठी, एक तोला की दो झूमकियां आदि थे। इनकी कीमत करीब 16 लाख रुपये बताई गई है। उन्होंने अपनी पत्नी के मोबाइल फोन पर भी बार–बार कॉल की, लेकिन वह स्विच ऑफ था और कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को कॉल किया। इसके पश्चात उन्होंने सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल कर देखी, जिसमें मामले का खुलासा हो गया। फुटेज के अनुसार टीचर की पत्नी अपनी मौसी की बेटी के साथ स्कूटी पर बैठकर घर से दूर जाते हुए दिखाई दी है।

**यह बोले थाना प्रभारी**

सिटी थाना के प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि उनके पास शिकायत आ चुकी है। शिकायत के आधार पर रूही और बुलबुल के खिलाफ चोरी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस की जांच में शामिल की जा रही है।

**मुंह पर बांध रखा है कपड़ा**

सीसीटीवी फुटेज में सामने आया है कि टीचर रवि की पत्नी की मौसी की लड़की बुलबुल सोमवार सुबह 11:29 बजे काले रंग की एक्टिवा स्कूटी पर उनके घर आई थी और करीब 12:27 बजे चली गई। इसके बाद वह दोपहर 1:39 बजे दोबारा स्कूटी लेकर आई और 1:42 बजे उसकी पत्नी रूही को साथ लेकर घर से निकलती दिखाई दी। दोनों ने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। उन्होंने बताया कि उनकी शादी तीन साल पहले 2023 अगस्त में हुई थी। दोनों का कोई बच्चा नहीं है।

---

डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने किया पंचायतों को सम्मानित

# जिले की 106 ग्राम पंचायतों ने जीते गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सरकार की ओर से प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए उठाए जा रहे प्रभावी कदमों व योजनाओं की बदौलत जिला महेंद्रगढ़ में इस गंभीर बीमारी के खिलाफ निर्णायक जंग लड़ी जा रही है। सरकार व ग्राम पंचायतों के प्रयासों की बदौलत जिले की 106 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हो चुकी हैं। यह बात उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने मंगलवार को सभागार में विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य में सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य न केवल टीबी रोगियों को मुफ्त उपचार प्रदान करना है, बल्कि उन्हें निक्षय पोषण योजना के माध्यम से आर्थिक संबल देकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना भी है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और पंचायत प्रतिनिधियों के आपसी समन्वय को इस अभियान की रीढ़ बताया। उपायुक्त ने कहा कि आज का यह सम्मान समारोह उन ग्राम पंचायतों के जज्बे का प्रतीक है, जिन्होंने सरकार की नीतियों को धरातल पर उतारकर खुद को टीबी मुक्त घोषित करने की दिशा में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में टीबी की मुफ्त जांच व ईलाज किया जाता है। इस अवसर पर डीसी ने जिले की उन 106 ग्राम पंचायतों को बधाई दी, जिन्होंने गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर एक नई मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ का लक्ष्य 2030 तक दुनिया को टीबी मुक्त बनाना है। उन्होंने सरपंचों से आह्वान किया कि वे अपने पड़ोसी गांवों के प्रतिनिधियों को भी जागरूक करें। इसके लिए एक सामाजिक मुहीम चलाएं। अब सभी गांवों को टीबी मुक्त बनाना है। कार्यक्रम के दौरान सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की सांस्कृतिक टीमों ने रागनियों के जरिए लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार, डीडीपीओ प्रमोद कुमार, डॉ. नवीन यादव के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

**हरियाणा सरकार के प्रयासों से टीबी मुक्त हो रही पंचायतें**
**सभी अस्पतालों में टीबी का इलाज व जांच फ्री**



नारनौल। सरपंचों को सम्मानित करते डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

**4 पंचायतों को मिला गोल्ड मेडल**

*जिले में टीबी मुक्त अभियान के तहत इस वर्ष कुल 106 ग्राम पंचायतों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए नामांकित किया गया है। इसमें गोल्ड मेडल श्रेणी में चार ग्राम पंचायतें शामिल हैं, जिनमें खंड नारनौल से कुक्सी, कनीना से कपूरी व मानपुरा, सिहमा खंड से भालखी ने अपना स्थान बनाया है। सिल्वर मेडल की श्रेणी में जिले की 50 पंचायतों ने बाजी मारी है। इसी प्रकार ब्रॉन्ज मेडल श्रेणी में कुल 52 पंचायतों का चयन किया गया है।*

**टीवी मुक्त बनाना ही लक्ष्य**

*मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि भारत सरकार के प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र योजना का लक्ष्य देश को टीबी मुक्त बनाना है। इस योजना के तहत कोई भी नागरिक, संस्था या कॉर्पोरेट निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को गोद ले सकता है। एक निक्षय मित्र की सहायता की बदौलत मरीज को उपचार के दौरान आवश्यक पौष्टिक आहार और सामाजिक सहयोग प्राप्त होता है। एक निक्षय मित्र को प्रति मरीज प्रति माह लगभग 700 से 1000 रुपये खर्च करने होते हैं। यह राशि मुख्य रूप से मरीज को दी जाने वाली फूड बास्केट, जिसमें दालें, अनाज, मूंगफली और तेल जैसे पोषक तत्व शामिल होते हैं, पर व्यय की जाती है। कोई भी व्यक्ति कम से कम छह महीने की अवधि के लिए इस जिम्मेदारी को उठा सकता है। जनभागीदारी के इस छोटे से योगदान के जरिए गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के जीवन में बड़ा सकारात्मक बदलाव लाया जा रहा है।*

---



नांगल चौधरी। बैठक में बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते जिला प्रधान यतेंद्र राव।

# भाजपा संगठन को मजबूत बनाने की बनाई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

भाजपा के बूथ प्रधान व बीएलए 2 की विधानसभा स्तरीय बैठक मंडल अध्यक्ष कर्मवीर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें जिला प्रधान यतेंद्र राव, प्रभारी शंकर सिंह धूपड़ व जिला संयोजक दयाराम यादव मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में बूथ वाइज संगठन को विस्तृत करने तथा सरकार की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने की रूपरेखा बनाई। उन्होंने कहा कि भाजपा में कर्मठ कार्यकर्ताओं को सरकार व संगठन में बड़ी जिम्मेवारी सौंपने की परंपरा बनी हुई है। पार्टी में बूथ स्तर के वर्करों की सलाह को सुनकर उस पर अमल किया जाता है। नांगल चौधरी हलके में 182 बूथ निर्धारित किए गए हैं, सभी बूथों पर भाजपा ने मुखिया नियुक्त कर रखा है। साथ ही बीएलए 2 को वोटर और संगठन के बीच कड़ी का दायित्व दिया गया है।

बैठक में विधानसभा चुनावों के परिणामों को आधार बनाकर कमजोर बूथों को चिन्हित किया गया तथा संबंधित बूथ अध्यक्ष से सुझाव मांगे गए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान को लेकर भाजपा सरकार कृतसंकल्प है। चुनावी घोषणा के अनुसार मुख्यमंत्री ने लाडो लक्ष्मी योजना लागू कर दी, जिसके अंतर्गत पात्र महिलाओं को निर्धारित मानदेय मिलने लगा है। किसानों की सुविधा के लिए मंडियों में अटल कैंटीन स्थापित कर दी। जहां 10 रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध रहेगा। जिला संयोजक दयाराम यादव ने प्रत्येक पदाधिकारी को हर सप्ताह पांच लोगों को पार्टी से जोड़ने का सुझाव दिया।

**ये रहे मौजूद**

*इस मौके पर नरेंद्र यादव, सवाई सिंह, कर्मबीर सिंह, मंडल महामंत्री गगन दायमा, प्रमोद मंडल प्रधान, नांगल दुर्गू मंडल प्रधान सुभाषचंद, पूर्व मंडल प्रधान पूर्णचंद गोठड़ी, हंसराज सिराधना आदि मौजूद रहे।*

---

# अंडरपास निर्माण को लेकर संघर्ष समिति की बैठक में उठे कई मुद्दे

**अंडरपास और सड़क निर्माण से जुड़े कार्यों पर विस्तार से की गई चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली मण्डी अंडरपास निर्माण संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संघर्ष समिति संचालक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद खरब की अध्यक्षता में समिति कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों विशेषकर अंडरपास और सड़क निर्माण से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके डॉ. राजेन्द्र प्रसाद खरब ने बताया कि तोबड़ा से अटेली रेलवे स्टेशन व अनाज मंडी को जोड़ने वाली ऊपरी सड़क के निर्माण का रास्ता अब पूरी तरह साफ हो गया है। रेलवे प्रशासन द्वारा अधिग्रहित जमीन से निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को हटा दिया गया है, जिससे जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बनने से रेलवे स्टेशन, अनाज मंडी, नए बस स्टैंड, कॉलेज और बैंकों तक आने-जाने वाले लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। रेलवे ट्रैक के दक्षिण दिशा में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा बनाए गए अंडरपास पर टीन शेड लगाने की स्वीकृति रेलवे प्रशासन ने दे दी है। इससे बरसात के दौरान लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी और सुरक्षित रास्ता उपलब्ध हो सकेगा। इस मौके पर में हरपाल सिंह, मास्टर सुबेसिंह व सुरेन्द्र सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।




मंडी अटेली। बैठक में भाग लेने पहुंचे समिति के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए जिला प्रशासन सतर्क

**नारनौल।** आगामी 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया अखा तीज के अवसर पर होने वाले विवाह समारोहों में बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। जिला प्रशासन की ओर से इस दिन होने वाली शादियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। जिला महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी सरिता शर्मा ने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और अपराध है। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि अक्षय तृतीया पर एक भी बच्चा इस कुप्रथा का शिकार न हो। ऐसे में अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह की आड़ में बाल विवाह भी हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि लड़के की आयु 21 वर्ष से कम तथा लड़की की आयु 18 वर्ष से कम पाई जाती है, तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर्व के अवसर पर बाल विवाह की रोकथाम के लिए मंदिर के पुजारी, गांव के पंच, सरपंच, आंगनबाड़ी वर्कर्स और नम्बरदार तथा शहर के नगर पार्षदों से अपील है कि वह अपने अपने गांव में निगरानी रखें।

---

# ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर एक हजार से ज्यादा वाहनों के चालान

**पुलिस ने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए चलाया विशेष अभियान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला पुलिस की ओर से यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने व सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसारए ट्रैफिक पुलिस ने पिछले एक सप्ताह के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। इस एक सप्ताह के भीतर करीब 1017 वाहन चालकों के चालान किए गए तथा 30 वाहनों को इम्पाउंड किया गया है। सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने तेज गति से वाहन चलाने वालों पर भी नकेल कसी है, जिसके तहत फास्ट ड्राइविंग/ओवर स्पीड के 148 वाहनों के चालान किए गए। इसके अलावा, लेन बदलने, बिना पैटर्न वाली नंबर प्लेट, ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट, गलत पार्किंग, ब्लैक फिल्म, बुलेट पटाखा व अन्य नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी निरंतर कार्रवाई की गई है। इस अभियान के दौरान शराब पीकर गाड़ी चलाने, साइलेंसर से पटाखे छोड़ने व वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने वालों पर भी भारी जुर्माना लगाया गया है।



नारनौल। दोपहिया वाहनों के चालान करती ट्रैफिक पुलिस।

**यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक**

इस अभियान के दौरान ट्रैफिक एसएचओ निरीक्षक नरेश कुमार व उनकी टीम की ओर से केवल चालान ही नहीं किए जा रहे, बल्कि आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। निरीक्षक नरेश कुमार अपनी टीम के साथ वाहन चालकों को समझा रहे हैं कि हेलमेट और सीटबेल्ट का प्रयोग केवल जुर्माने से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी जान की सुरक्षा के लिए करें। टीम की ओर से स्कूलों व सार्वजनिक स्थानों पर भी लोगों को यातायात संकेतों और सड़क सुरक्षा की जानकारी दी जा रही है। ट्रैफिक एसएचओ नरेश कुमार ने अपील की कि सुरक्षित सफर के लिए नियमों का पालन करें।

---

**सुविधा** मदार-रोहतक स्पेशल ट्रेन 30 जून तक चलेगी

दोनों ट्रेनों का नारनौल स्टेशन पर होगा ठहराव, यात्रियों को होगा फायदा

# ग्रीष्मावकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने बढ़ाई ट्रेन संचालन अवधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उत्तर पश्चिम रेलवे ने ग्रीष्मावकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा को देखते हुए कुछ स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि बढ़ाई है। वहीं दिल्ली-अंबाला रेलखंड पर चल रहे इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कुछ रेल सेवाएं देरी से संचालित होगी। जिससका असर नारनौल क्षेत्र के यात्रियों पर भी पड़ेगा। रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के दिल्ली-अंबाला रेलखंड पर शाहाबाद मारकंडा तथा मोहरी स्टेशनों पर नए इंटरलॉकिंग पैनल व अन्य तकनीकी कार्य किए जा रहे हैं। इस कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है, जिसके चलते रेल यातायात प्रभावित रहेगा। ब्लॉक के चलते चंडीगढ़-ब्रांदा ट्रेन देरी से होगी रवाना ब्लॉक के कारण गाड़ी संख्या 22452 चंडीगढ़-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 31 मई व 3 जून को चंडीगढ़ से अपने निर्धारित समय से करीब एक घंटा 30 मिनट की देरी से रवाना होगी। इस ट्रेन का नारनौल स्टेशन पर नियमित ठहराव होता है, इसलिए जिले के यात्रियों को भी देरी का सामना करना पड़ सकता है। मदार-रोहतक ट्रेन का संचालन 30 जून तक बढ़ा वहीं दूसरी ओर रेलवे ने गर्मी की छुट्टियों में बढ़ती यात्री संख्या को देखते हुए कुछ स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि बढ़ाने का फैसला लिया है। गाड़ी संख्या 09639/09640 मदार-रोहतक-मदार प्रतिदिन स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि 30 जून तक बढ़ा दी गई है। इस ट्रेन का निजामपुर, नारनौल तथा अटेली स्टेशनों पर नियमित ठहराव है, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी।




नारनौल। रेलवे स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

**अवधि बढ़ाई**

*इसके अलावा गाड़ी संख्या 04727/04728 हिसार-वलसाड-हिसार साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के संचालन की अवधि भी बढ़ाकर जुलाई तक कर दी गई है। इस ट्रेन का भी नारनौल स्टेशन पर ठहराव होता है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार ग्रीष्मावकाश में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्पेशल ट्रेनों का संचालन बढ़ाया गया है, ताकि यात्रियों को सीट उपलब्ध हो सके और अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।*

---



### मां कात्यायनी की पूजा कर मांगीं मन्नतें

**महेंद्रगढ़।** माता भूरा भवानी मंदिर सिसोठ में नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना की गई। महंत शक्ति नाथ महाराज व मंदिर पुजारी धर्मदत्त जोशी ने बताया कि नवरात्र का छठा दिन मां कात्यायनी की पूजा के लिए समर्पित है, जिन्हें महिषासुर मर्दिनी और योद्धा देवी के रूप में जाना जाता है। मान्यता है कि इनकी पूजा से साहस, आत्मविश्वास, विवाह संबंधी बाधाओं का नाश होता है और शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है। भक्त इस दिन पीले रंग के वस्त्र धारण कर पूजा करते हैं और मां को शहद का भोग लगाते हैं। पूजा में कोलकाता से आए माया देवी सुंहासडिया और सत्यनारायण सुंहासडिया, सुमित्रा देवी, सुचेता और सेवानिवृत्त सुपरिटेंडेंट रमेश शर्मा सपरिवार पूजा में विशेष रूप से शामिल रहे। मंदिर में महेंद्रगढ शहर से महिलाओं का एक जत्था झंडे लेकर मातारानी के जय जयकार करते हुए माता के दरबार में पहुंचा। महंत शक्तिनाथ महाराज ने बताया कि श्रद्धालु महिला भक्तजन मीनू, राजेश, नगीना, मंजू, माया देवी, राजबाला, मंदिर में प्रतिदिन साफ सफाई एवं मंदिर सजावट में विशेष सहयोग करती है।

## खबर संक्षेप

### जन्मदिन पर दिव्यांग बच्चों को करवाया भोजन

**महेंद्रगढ़।** भारत विकास परिषद द्वारा मंगलवार को गांव रिवासा स्थित अंध विद्यालय में अंधे व विकलांग बच्चों को महिला संयोजिका रीना बंटी के बेटे इंजीनियर शुभम गुप्ता के 25वें जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर भोजन करवाया। भारत विकास परिषद समय समय पर शहर के जन समस्याओं पर ध्यान देती रहती है। उन्होंने इस गांव में पढ़ रहे अंधे व विकलांग बच्चों और संस्था को संभाला। इस मौके पर रतनलाल माधोगढ़ियां, रमेश टांक, भरत खुराना, विनोद गोयल पेट्रोल पंप, सुरेश सैनी, श्याम सुंदर सैनी, सोनू भार्गव, राम गोपाल मित्तल, पवन भारद्वाज, सुरेंद्र बंटी, विक्रम भालोठिया आदि मौजूद थे।

### असम राइफल्स का स्थापना दिवस मनाया

**नारनौल।** नांगल चौधरी में असम राइफल्स का 191वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सैनिकों का फूलमालाओं व ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर कमांडेंट वजीर सिंह, सूर्य चक्र विजेता सूबेदार मेजर बदलू राम यादव, सूबेदार मेजर कुलदीप सिंह, हरियाणा अरेसा प्रेसिडेंट आरएस हुड्डा वारंट ऑफिसर उदयराम, वारंट ऑफिसर हरफूल सिंह, ओला सूबेदार रघुनाथ सिंह, हवलदार विजेंद्र सिंह, हवलदार सतीश यादव केशवपुरिया, हवलदार राजपाल यादव, हवलदार शीशराम, हवलदार मालाराम व हवलदार हंसराज सहित सैकड़ों पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## मोहम्मदपुर में बाबा बालू का मेला एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन

# 21 हजार की इनामी कुश्ती अंकुश व संजय के बीच बराबरी पर छूटी

कबड्डी प्रतियोगिता में मंडलाना टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 21 हजार रुपये का पुरस्कार जीता



रस्साकशी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में सागरपुर टीम रही प्रथम

मंडी अटेली। बाबा बालू मेले में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर में बाबा बालू का मेला एवं खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न खेलों का आनंद उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सरपंच व जिला पार्षद प्रतिनिधि शमशेर यादव उपस्थित रहे। इस मौके पर डॉ. राकेश कुमार ने गांव के खेल मैदान के विकास के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि चारदीवारी निर्माण हेतु जिला परिषद की ओर से 16 लाख रुपये दिए जाएंगे। उनकी इस घोषणा से ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने को मिला। मेले के दौरान कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। 21 हजार रुपये की इनामी कुश्ती में अंकुश रेवाड़ी और संजय तिरपड़ी के बीच जोरदार मुकाबला हुआ, जो कड़ी टक्कर के बाद बराबरी पर समाप्त हुआ। वहीं 15 हजार रुपये की इनामी कुश्ती में अंकित मोकलवास ने विकास को हराकर जीत हासिल की। कबड्डी प्रतियोगिता में मंडलाना टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 21 हजार रुपये का पुरस्कार जीता, जबकि सोनू की टीम द्वितीय रही, जिसे 15 हजार रुपये दिए गए। रस्साकशी प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में सागरपुर टीम ने प्रथम व द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में मोहम्मदपुर टीम ने दोनों स्थानों पर कब्जा जमाया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता: डॉ. राकेश

इस मौके पर जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। ऐसे मेलों और खेल प्रतियोगिताओं से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और वे नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहते हैं। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। उन्होंने ग्रामीणों की मांग को स्वीकार करते हुए मोहम्मदपुर गांव के खेल मैदान की चारदीवारी के लिए 16 लाख रुपये जिला परिषद की ओर से देने की घोषणा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे। अंत में उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। इस मौके पर सरपंच हरिसिंह, दीपचंद, डॉ. संदीप, पूर्व सरपंच भगवान सिंह, सियाराम, मनोज डीपीई, धर्मवीर, संदीप कुमार, हरबीर, पूर्ण यादव, ओमप्रकाश पंच, रोशन व बलवंत आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### गुढ़ा में धार्मिक आयोजन कल

**महेंद्रगढ़।** गांव गुढ़ा में श्री राम शिव सनातन धर्म सभा मंदिर में 26 व 27 मार्च को धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रधान रवि छाबड़ा, कैलाश बिरला, नेब राज छाबड़ा, पूर्ण चंद मक्कड़ ने बताया कि इस विशाल आयोजन के तहत कलश यात्रा, मूर्ति स्थापना, हवन एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें गांव के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 26 मार्च को प्रातः 10:15 बजे भव्य कलश यात्रा एवं पुष्प वर्षा के साथ होगी। वहीं 27 मार्च को प्रातः 7:15 बजे मूर्ति स्थापना, 9:15 बजे हवन तथा दोपहर 12:15 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा। 26 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज उपस्थित रहेंगे।

## बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



महेंद्रगढ़। विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास में प्राइमरी विंग का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जहां विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम मुख्यातिथि पंचायत समिति चेयरपर्सन विजय लक्ष्मी यादव उपस्थित रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि पूर्व छात्रा डॉ. आदिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑब्जर्वर उमेश यादव द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की, जिनमें देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, लघु नाटक एवं कविताएं शामिल रहीं। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों दी। प्राचार्य द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें वर्षभर की शैक्षणिक उपलब्धियों, खेलकूद प्रतियोगिता एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों का विस्तृत विवरण दिया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

### अभिभावकों के साथ संवाद सत्र भी आयोजित

मुख्यातिथि विजय लक्ष्मी यादव ने कहा कि बीआर ज्ञानदीप विद्यालय न केवल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ. आदिति ने कहा कि सफलता का मूल मंत्र निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच है। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों के साथ संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह भव्य आयोजन विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा, अनुशासन एवं सांस्कृतिक मूल्यों का प्रतीक बनकर उभरा।

## नेशनल मॉडल स्कूल में लगाया रक्तदान शिविर

- 32 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। रक्तदाताओं का हौसला अफजाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

शहीदी दिवस पर स्थानीय नेशनल मॉडल स्कूल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस रक्तदान शिविर के मुख्यातिथि आरडी शिक्षा समिति ककराला के अध्यक्ष जगदेव यादव व अध्यक्षता प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने की। नेशनल स्कूल अध्यक्ष प्रमोद शास्त्री ने बताया कि यह विद्यालय सामाजिक सरोकार से जुड़े समाज हित के कार्यक्रम सदैव आयोजित करता रहता है, जिससे क्षेत्र के युवाओं में संस्कार व राष्ट्रभक्ति की भावना उत्पन्न हो सके। मुख्यातिथि जगदेव यादव ने कहा कि हमें अपने बलिदानियों के बलिदान को सदैव याद रखना चाहिए। जो जाति समाज राष्ट्र अपने शहीदों को भूल जाता है, उसका पतन निश्चित है। आज का दिन उन्हें अमर बलिदानियों को याद करने का दिन है। प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने युवाओं से आह्वान किया कि आज देश के लिए करने की नहीं, अपितु देश के लिए जीने की आवश्यकता है।

रक्तदान महादान है, मनुष्य का रक्त मनुष्य को ही चढ़ता है, जरूरत वाले को ही चढ़ता है। इसलिए जो रक्तदान कर सकते हैं। उनको रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि आपका एक प्रयास किसी का जीवन बचा सकता है। इस रक्तदान शिविर की मुख्य बात यह रही कि इसमें 10 से अधिक महिलाओं ने रक्तदान किया। विद्यालय की ओर से सभी रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। 32 रक्तदाताओं ने अपना रक्तदान किया।

### यदुवंशी स्कूल में हुई छात्रवृत्ति परीक्षा

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन टपूकड़ा स्कूल में छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान यदुवंशी ग्रुप के डायरेक्टर विजय सिंह ने बताया कि इस परीक्षा में आसपास के क्षेत्र से 2400 मेधावी विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस छात्रवृत्ति परीक्षा में कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। सुबह से ही परीक्षा केन्द्र पर विद्यार्थियों और अभिभावकों की भीड़ देखने को मिली। अभिभावकों ने कहा कि ऐसी परीक्षा से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और उन्हें अपनी शैक्षणिक योग्यता को परखने का उचित अवसर मिलता है। परीक्षा प्रातः 10 बजे शुरू हुई, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ परीक्षा दी। ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि छात्रवृत्ति परीक्षा का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है।

## बसपा नेता ने इलाके में हृदयघात से हो रही मौतों पर जताई चिंता

- अगिहार गांव निवासी जस्सूसिंह की हृदयघात से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल



नारनौल। अगिहार में शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देते बसपा नेता अतरलाल।

बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने इलाके में हृदयघात से हो रही मौतों पर चिंता प्रकट करते हुए सरकार से इस बीमारी के जोखिम को कम करने के लिए तत्काल ठोस कार्य नीति बनाने की मांग की है। अतरलाल ने अगिहार गांव निवासी जस्सूसिंह की हृदयघात से हुई मौत पर पीड़ित परिवार को ढांढस व सांत्वना देने के बाद कहा कि इलाके के लोगों और खासकर युवाओं की हृदयघात व हृदय फेल से हो रही मौतें गंभीर चिंता का विषय है। देखने में आया है कि 50 प्रतिशत मौतें हृदयघात व हृदयफेल से हो रही हैं। यह न केवल एक स्वास्थ्य समस्या है, बल्कि भविष्य का उभरता हुआ जन स्वास्थ्य संकट भी है। जिस पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने इस बीमारी के बचाव के लिए सरकार से तुरंत ठोस कार्य योजना बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि अचानक से हृदयघात से हुई मौत के कारण परिवार आर्थिक संकट में पड़ जाता है।

## आईजीयू परीक्षा परिणाम में यदुवंशी कॉलेज ने लहराया परचम

- छात्रा पूजा ने विश्वविद्यालय में छठा स्थान व प्रीति ने नौवां स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



पूजा



प्रीति

हाल ही में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से एमएससी जुलोजी तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें छात्रा पूजा पुत्री दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय में छठा स्थान हासिल किया। वही प्रीति पुत्री शमशेर सिंह ने नौवां स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों का परिणाम भी बहुत ही सराहनीय रहा। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप यादव ने बताया कि परीक्षा परिणाम केवल अंकों का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह मेहनत, अनुशासन, धैर्य और निरंतर प्रयासों का प्रतिफल है। इस मौके पर यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, संस्था निदेशिका सुरेश यादव, प्राचार्य बजरंग लाल, डॉ. सोनल यादव, जीव विज्ञान विभागाध्यक्षिका शिवानी यादव ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

### आकाश एकेडमी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**महेंद्रगढ़।** आकाश एकेडमी के 36 होनहार विद्यार्थियों ने गुरुकुल कुरुक्षेत्र, मोतीलाल नेहरू स्पोर्ट्स स्कूल राई, नवोदय स्कूल, सैनिक स्कूल, मिलिट्री स्कूल में शानदार प्रदर्शन किया हैं। इन सभी छात्रों का चयन उपरोक्त स्कूलों में हो गया है, जिससे एकेडमी में खुशी और उत्साह का माहौल है। देवेंद्र बैरावास ने बताया कि विद्यार्थियों ने यह उपलब्धियां कड़ी मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के दम पर हासिल की हैं। शिक्षकों ने उनकी इस सफलता में अहम भूमिका निभाई। विकास रामलवास ने कहा कि यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा बनेंगी। मौके पर सतवीर सैनी, प्रदीप तंवर, भूप सिंह सिवाच, सतपाल मास्टर, मास्टर खुशीराम, विकास रामलवास, देवेंद्र बैरावास, अजीत सिंह थानेदार, कृष्ण खायरा, ओमप्रकाश, ज्योति शर्मा, कंचन यादव, मनोज कुमार, नितिन, मंगल, प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सलीमपुर से वृंदावन के लिए दो दिवसीय तीर्थ यात्रा उत्साह के साथ रवाना

- 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली



मंडी अटेली। तीर्थ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अटेली क्षेत्र के गांव सलीमपुर से वृंदावन के लिए दो दिवसीय तीर्थ यात्रा पर बुजुर्ग महिलाओं का जत्था श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुआ। इस यात्रा का आयोजन विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए किया गया, ताकि वे धार्मिक स्थलों के दर्शन कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर सकें। इस मौके पर पूर्व सरपंच एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि शमशेर सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर यात्रा का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान और उनकी सेवा करना समाज का नैतिक दायित्व है। ऐसे धार्मिक कार्यक्रम न केवल उन्हें मानसिक शांति प्रदान करते हैं बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करते हैं। उन्होंने सभी यात्रियों की सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। यात्रा में शामिल महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

## समरकंद स्टेट यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ का हुआ व्याख्यान

- रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस के आधुनिक अनुप्रयोगों, नवीनतम तकनीकों तथा इनके बढ़ते वैश्विक महत्व पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

समरकंद स्टेट यूनिवर्सिटी उज्बेकिस्तान के अनुप्रयुक्त रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस अनुप्रयोग केंद्र निदेशक विशेषज्ञ डॉ. सुहैल ने आरपीएस डिग्री कॉलेज बलाना में एक्सपर्ट टॉक सीरीज के अंतर्गत रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस डेटा को भौगोलिक ज्ञान में रूपांतरित करना विषय पर एक महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस के आधुनिक अनुप्रयोगों, नवीनतम तकनीकों तथा इनके बढ़ते वैश्विक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज निदेशक डॉ. महेश यादव द्वारा स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए ऐसे शैक्षणिक आयोजनों को विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। प्राचार्य डॉ. देवेंद्र सिंह एवं रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों को आधुनिक ज्ञान और तकनीकी समझ से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा विभाग के प्रयासों की प्रशंसा की।

### करियर की अपार संभावनाएं

चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव एवं सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके करियर निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में डीन एकेडमिक्स ने बताया कि आज के समय में भूगोल के विद्यार्थियों के लिए इन तकनीकों का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इन क्षेत्रों में करियर की अपार संभावनाएं हैं, जैसे जीआईएस विश्लेषक, रिमोट सेंसिंग विशेषज्ञ, शहरी नियोजक, पर्यावरण सलाहकार, आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ आदि, जिनमें छात्र सरकारी एवं निजी दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

### नर नारायण सेवा समिति के तत्वावधान में शहीदी दिवस पर हुआ कार्यक्रम

## एक शाम शहीदों के नाम, दीपक जलाकर शहीदों को किया याद

*भारद्वाज ने कहा कि ऐसे आयोजन आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देने का काम करते हैं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

नर नारायण सेवा समिति के तत्वावधान में शहीदी दिवस पर देर शाम शहीदों को नमन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस संदर्भ में जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष रामसिंह मधुर ने बताया कि टेलीफोन एक्सचेंज के पास स्थित शिव मन्दिर में समिति की ओर से शहीदों को याद करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकुमार एडवोकेट राता वाले थे। अध्यक्षता हरियाणा एग्रो कारपोरेशन के पूर्व चेयरमैन गोविन्द भारद्वाज ने की।

### शहीद इस माटी की अमूल्य धरोहर: राजकुमार

इस अवसर पर कार्यक्रम में शहीदों की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक एक दीप जलाकर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजकुमार यादव एडवोकेट ने कहा कि शहीद इस माटी की अमूल्य धरोहर हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष गोबिंद भारद्वाज ने कहा कि ऐसे आयोजन आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देने का काम करते हैं। कार्यक्रम में युवा कवि ओशीन शुक्ला ने अपने काव्य पाठ में वतन के सनम कविता प्रस्तुत करते हुए समा बांध दिया। मंच संचालन भारत भूषण तायल ने किया। इस अवसर पर महासचिव सतबीर सिंह, श्याम सुंदर शर्मा, प्राचार्य कंवर सिंह, प्रबंधक चौधरी पारस, दुर्गेश शर्मा ने शहीदों के कार्यों को याद करते हुए उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। नरेंद्र कुमार वर्मा, नेत्रपाल तथा मोहित शर्मा ने कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देकर वातावरण को देशभक्ति से भर दिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर नरोत्तम सोनी, बेगराज गोयल पूर्व प्रधान, धर्मचंद, मनोज शर्मा, गुरुदत्त, आनंद जोशी, नरेंद्र गोसाई, भारत भूषण तायल, हेमराज शास्त्री व सुशीला देवी सहित अन्य महिलाएं भी उपस्थित रही।

### सिटी किड्जी वर्ल्ड स्कूल में नए सत्र पर हुआ हवन

**महेंद्रगढ़।** सिटी किड्जी वर्ल्ड स्कूल में नए सत्र पर हवन यज्ञ किया गया। यजमान के पद पर संस्था मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन यादव एवं विनय यादव मुख्य रूप से आसीन रहे तथा चेयरमैन विजय सिंह यादव ने भी इस पवित्र धार्मिक कार्य में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। आचार्य ने विधि-विधान से मंत्र उच्चारण कर आहुति डलवाई। प्राचार्या विनय यादव ने बताया कि विद्यालय के नए सत्र का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ किया गया। भारतीय संस्कृति के अनुसार किसी भी कार्य का शुभारंभ हवन के साथ किया जाता है। इससे वातावरण सहित मानसिक शुद्धि होती है। मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन यादव ने कहा कि हवन भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक भावना को बढ़ाता है तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी सदैव लाभकारी है। चेयरमैन विजय सिंह यादव ने कहा कि हवन के साथ मंत्र उच्चारण से सकारात्मक ध्वनि तरंगित होती है तथा शरीर में ऊर्जा का संचार होता है।

THE MAHENDRGARH CO. OP. MKTG. CUM PROCESSING SOCIETY LTD. MAHENDRGARH
RAILWAY ROAD MAHENDERGARH-123029 (HARYANA)
Ref. No.......CMS M/GARH/2025-2026/SPL-1 Dated. 24-03-2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की महेंद्रगढ़ मंडी एवं सतनाली मंडी P.S.S सरसों के लिए कच्ची के कार्य के लिए लेबर की आवश्यकता है इसके लिए समिति द्वारा पूर्व में निविदा आमंत्रित किये थे वर्तमान में टेंडर आमंत्रित करने की अवधि 01 अप्रैल 2026 सांय 4:30 PM तक कर दी गयी है जो कुशल लेबर ठेकेदार C.M.S महेंद्रगढ़ के माध्यम से ठेका लेने के इच्छुक हों वे दिनांक 01 अप्रैल 2026 सांय 4:30 PM बजे तक जमा करवाएं। जिन लेबर समितियों/लेबर ठेकेदारों द्वारा टेंडर फार्म भरे जा चुके है वो भी अपने टेंडर फार्म दोबारा जमा कर सकते है इन समितियों द्वारा कोई फार्म की फीस नहीं ली जाएगी तथा L/C समितियों द्वारा 01 अप्रैल 2026 तक टेंडर फार्म जमा किये जाएंगे। इनको टेंडर खुलने की तिथि के बारे में टेंडर खुलने के एक दिन पूर्व समिति प्रबंधक द्वारा आपको सूचित कर दिया जाएगा।

Sd/Manager
THE MAHENDRGARH Co. op. Mktg.
Cum Processing Society Ltd. MAHENDRGARH

पुरानी कचहरी के समीप जैन साइकिल के सामने वाली गली में नई पाइप लाइन डालने से लोगों को आपत्ति

# पुल बाजार में 10 इंची पाइप लाइन में 4 इंची जोड़ने से गर्मियों में 'जल संकट का खतरा'

***अन्य गली मोहल्लों के लोगों ने वार्ड पार्षद पर दबाव बनाना किया शुरू, बोले हम भी घरों तक लेकर जाएंगे अपनी-अपनी नई लाइन***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर के पुल बाजार क्षेत्र में पानी की सप्लाई को लेकर एक नई चिंता सामने आई है। यहां पहले से बिछी 10 इंच की मुख्य पानी की पाइप लाइन में 4 इंच की अतिरिक्त लाइन जोड़ने के प्रस्ताव ने स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों की चिंता बढ़ा दी है। आशंका जताई जा रही है कि इस कदम से पानी का प्रेशर कम हो सकता है, जिससे पहले से जुड़े करीब पांच मोहल्लों में जलापूर्ति और अधिक प्रभावित हो सकती है और गर्मी के मौसम में यह समस्या विकराल रूप ले सकती है।

गौर हो कि जलापूर्ति करने वाले जनस्वासथ्य विभाग ने शहर के पुल बाजार में 10 इंच मोटी मुख्य पाइपलाइन दबा रखी है, जिससे पुल बाजार एवं आसपास के आबादी क्षेत्र में प्रतिदिन जलापूर्ति की जाती है। पुल बाजार क्षेत्र की इस 10 इंची पुरानी पाइपलाइन से वर्षों से परस, मीरांजी, मिश्रवाड़ा, पालतियान और शिव नगर जैसे पांच प्रमुख मोहल्लों में पानी की सप्लाई होती रही है। इन इलाकों में करीब 1800 से 2000 मकान इस लाइन पर निर्भर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले ही कई बार पानी का प्रेशर कम रहता है, जिससे पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। ऐसे में उसी लाइन में 4 इंच की नई लाइन जोड़ने से पानी का दबाव और कम हो सकता है। इससे न केवल सप्लाई प्रभावित होगी, बल्कि अनेक घरों तक पानी पहुंचना भी मुश्किल हो सकता है।


नारनौल। खुदाई करके डाली जा रही नई पाइप लाइन। फोटो: हरिभूमि

## मोहल्लावासियों में रोष, गर्मियों में बढ़ सकती है दिक्कत

स्थानीय निवासियों में भी इस प्रस्ताव को लेकर भारी रोष देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि बिना पूरी तकनीकी जांच और वैकल्पिक व्यवस्था किए इस तरह का निर्णय लेना जल्दबाजी होगी। गर्मियों के मौसम में पहले ही पानी की मांग बढ़ जाती है। यदि प्रेशर कम हुआ तो लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ सकता है। महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ेगी। मोहल्लावासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस योजना पर पुनर्विचार किया जाए और स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि भविष्य में जल संकट से बचा जा सके। अन्यथा वे भी अपने-अपने गली-मोहल्लों एवं घरों तक इस तरह ही अपनी-अपनी पाइप लाइन लेकर जाएंगे, ताकि पानी की आपूर्ति में कोई बाधा न हो।

## जनप्रतिनिधि ने उठाई आपत्ति विभाग से किया आग्रह

इस मुद्दे को लेकर नगर पार्षद अजय सिंघल ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के सामने अपनी आपत्ति दर्ज करवाई है। उन्होंने विभाग के जेई और एसडीओ से मुलाकात कर स्पष्ट रूप से कहा कि इस प्रकार की तकनीकी व्यवस्था से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि बढ़ेगी। उन्होंने सुझाव दिया कि पुरानी लाइन में नई लाइन जोड़ने की बजाय उन घरों को अलग से नल कनेक्शन दिए जाएं, जहां पानी की आवश्यकता है। इससे मौजूदा सप्लाई पर दबाव भी नहीं बढ़ेगा और नई व्यवस्था भी बेहतर तरीके से लागू हो सकेगी।

## यह बोला विभाग

*पुल बाजार पर जो पाइपलाइन डाली जा रही है, वह जनस्वास्थ्य विभाग नहीं डलवा रहा है। लोगों ने खुद ही सड़क तोड़कर उसकी खुदाई की है तथा खुद के खर्चे पर ही नई पाइपलाइन लेकर आए हैं, लेकिन उन्हें मुख्य लाइन में केवल नल कनेक्शन की भांति केवल एक इंची कनेक्शन दिया जाएगा। इससे ज्यादा बड़ा कनेक्शन नहीं दिया जाएगा। यदि बड़ा कनेक्शन लिया गया तो उसे काट दिया जाएगा। नियमों एवं सामूहिक जनहित के विरुद्ध किसी को मनमर्जी से कनेक्शन नहीं करने दिया जाएगा।*

*-संजय कुमार, जूनियर इंजीनियर जनस्वास्थ्य विभाग, नारनौल*

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ आरोपित को दबोचा

**नारनौल।** थाना शहर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल पर अवैध शराब की तस्करी कर रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस के नाम पता पूछने पर उसने अपनी पहचान अमन निवासी कादमा के रूप में दी। जब पुलिस ने मोटरसाइकिल के दोनों तरफ लटके बैगों की तलाशी ली, तो उनमें से अवैध शराब बरामद हुई। जिसमें चार पेटी बीयर, एक पेटी देशी शराब व एक अन्य छोटे नीले बैग से 24 अद्धे देशी शराब शामिल है।

### अवैध पिस्टल के साथ आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** सीआईए ने एक आरोपित को अवैध हथियार व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित हेमंत वासी मोहल्ला मिश्रवाड़ा नारनौल-कोरियावास रोड फ्लाईओवर के नीचे से काबू किया। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया है। तलाशी लेने पर आरोपित हेमंत की पहनी हुई लोअर से एक अवैध देशी पिस्टल व मैगजीन से दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।

### कादीपुरी में करवाया जा रहा रूद्र महायज्ञ

**नारनौल।** ग्राम कादीपुरी यानि फैजालीपुर में बाबा श्रीश्री 1008 तेजादास महाराज के मंदिर में महाराज शिवगिरि के सानिध्य में पंचदिवसीय रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया। शिक्षक यशपाल यादव ने बताया कि उज्जैन महाकाल से आए हुए पसिद्ध पंडितों द्वारा किया जा राहा है। रूद्र महायज के समापन पर 27 मार्च को पूर्णाहुति के अवसर पर संपूर्ण ग्रामवासियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### राजकीय कॉलेज महेंद्रगढ़ में रोजगार मेला 27 को

**नारनौल।** जिला रोजगार कार्यालय की ओर से 27 मार्च को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महेंद्रगढ़ में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह रावत ने बताया कि इस रोजगार मेले में आईसीआईसीआई बैंक, रमाया हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड रोहतक और डेगानिया मेडिकल डिवाइसेज प्राइवेट लिमिटेड मानेसर, संशेरा प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

### टाईगर क्लब की ओर से माता की चौकी आयोजित

**नारनौल।** टाईगर क्लब परिवार के तत्वावधान में सोमवार रात्रि माता रानी की चौकी राम अग्रवाल के निवास स्थान बहरोड़ में सम्पन्न हुई। दरबार व्यवस्था प्रमुख प्रवीण यादव ने मैया का सुंदर दरबार सजाया। माता रानी की चौकी में मुख्य यजमान राम अग्रवाल सपत्नीक रहे। कार्यक्रम पुरोहित नारायण शास्त्री ने विधिवत पूजन किया। रात्रि जागरण में विनोद सर्राफ, परमानंद वर्मा, नवीन वशिष्ठ, अजय शर्मा, अंजलि शर्मा, नरेंद्र बंशी, जयप्रकाश अग्रवाल ने माता रानी, घड़ीमहासर माता के भजनों से भक्तजनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। राम अग्रवाल के संपूर्ण परिवार ने भांजी के जन्मदिन के अवसर पर केक काटा।

विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

# महेंद्रगढ़ में नगर पालिका का डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण अभियान शुरू

***पांच वर्षों के लिए लगभग 4 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत से होगा डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका द्वारा शहर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मंगलवार से डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण कार्य की शुरुआत हो गई है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी ने की। इस दौरान विधायक कंवर सिंह यादव ने डोर टू डोर के पांच टैंपों को नारियल फोड़कर और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह कार्य आगामी पांच वर्षों के लिए लगभग चार करोड़ 22 लाख की लागत से कराया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत प्रारंभिक सात दिनों का ट्रायल किया जाएगा, ताकि कार्यप्रणाली में आने वाली कमियों को समय रहते सुधारा जा सके।

इसके बाद एक महीने के भीतर पूरे शहर में व्यवस्था को पूर्ण रूप से लागू करना अनिवार्य होगा। शहर के हर वार्ड, मोहल्ले और गली के प्रत्येक घर तक कूड़ा संग्रहण वाहन पहुंचेंगे। आधुनिक व्यवस्था के तहत प्रत्येक घर के बाहर डिजिटल क्यूआर कोड लगाए जाएंगे, जिससे कूड़ा उठान की पारदर्शी निगरानी सुनिश्चित होगी। शहर को आवश्यकता अनुसार विभिन्न जोन में विभाजित किया जाएगा, ताकि कार्य कुशलता से किया जा सके।


महेंद्रगढ़। वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो: हरिभूमि

नगर पालिका द्वारा नियुक्त एजेंसी को निर्देश दिए गए हैं कि एक महीने के भीतर कूड़ा संग्रहण के लिए आवश्यक संसाधन जैसे टैंपों, छोटी गलियों के लिए ई-रिक्शा, ट्रैक्टर, जेसीबी एवं लोडर की व्यवस्था करे। प्रत्येक टेम्पों में ड्राइवर के साथ एक हेल्पर होगा। एजेंसी द्वारा की जाने वाली पेमेंट घर-घर कूड़ा उठान के आधार पर की जाएगी, जिससे मनमानी की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। इस दौरान आमजन से प्राप्त सुझावों और शिकायतों के आधार पर छोटी-मोटी समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा। नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में आमजन की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि कूड़ा इधर-उधर न फेंके। घर पर आने वाले कूड़ा संग्रहण वाहन में ही कूड़ा डालें। प्रत्येक घर एवं प्रतिष्ठान पर गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने के लिए दो डस्टबिन अवश्य रखें। यह पहल शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

बता दें कि कुछ वर्ष पहले नगर पालिका की ओर से एक निजी ठेकेदार को हायर कर उसके माध्यम से शहर में सफाई व्यवस्था शुरू कराई थी, उने द्वारा हीं शहर में घर घर कूड़े का उठान किया जा रहा हैं। लेकिन ठेकेदार पर नियमित रूप से निगरानी के अभाव में सफाई व्यवस्था भी राम भरोसे चल रही थी। अब पांच साल के लिए सफाई व्यवस्था पक्की हो जाएगी।

## सफाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी

विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि महेंद्रगढ़ शहर की स्वच्छता को बेहतर बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर कचरा उठान जैसी पहल से न केवल सफाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि आमजन में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। नगर पालिका द्वारा शुरू की गई यह योजना शहर को साफ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सफाई वाहन के संचालन से कचरा संग्रहण की प्रक्रिया तेज और अधिक प्रभावी होगी। जिससे नागरिकों को सुविधा मिलेगी। साथ ही उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और प्रशासन का सहयोग करें। विधायक ने विश्वास जताया कि सभी के संयुक्त प्रयासों से महेंद्रगढ़ को एक स्वच्छ और आदर्श शहर बनाया जा सकता है।

## मोदाश्रम डंपिंग यार्ड पर कचरा प्रबंधन संयंत्र

एजेंसी की ओर से शहर में गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग उठान की व्यवस्था की जाएगी। शहर की तंग गलियों में छोटे वाहन लगाकर पूरे शहर से कचरा उठाया जाएगा। साथ ही शहर के मोदाश्रम के पास 11 एकड़ में नगर पालिका की जमीन पर बनाए गए कचरा डंपिंग प्वाइंट पर ठोस व गीले कचरे को अलग कर उसका निस्तारण करने के लिए संयंत्र लगाया गया हैं। इस कचरे से निकलने वाले सभी प्रकार के कचरे को रिसाइकल कर पुनः उपयोग के लायक बनाया जाएगा।

## ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीएमसी रणबीर सिंह, नगर पालिका उपप्रधान मंजू कौशिक, एमई राजेश कौशिक, जेई नवदीप, पार्षद अशोक सैनी, पार्षद विष्णु वाल्मीकि, सुरेन्द्र फौजी, मुकेश खटीक सहित सभी वार्ड पार्षद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दुर्घटनाग्रस्त कार में चोरी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

सेहलंग के समीप एक पेड़ से दुर्घटनाग्रस्त हुई कार के पार्टस अज्ञात लोगों ने चोरी कर लिए। जिसे लेकर कार मालिक ने सदर थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस को दी गई शिकायत में पंजाब के मोगा निवासी विजय कुमार ने बताया कि वह अपनी बहन व बहनोई के साथ कनीना से बाढड़ा जा रहे थे। रास्ते में सेहलंग के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई थी। जिससे कार सवार तीनों व्यक्तियों को चोटें आई थी। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया, लेकिन कार हादसा स्थल पर खड़ी थी। अस्पताल से उपचार लेने के बाद जब वे कार के पास आए, तो उसके तीन टायर, एक स्टेफनी, बैटरी, म्यूजिक सिस्टम, एलईडी, जीपीएस सिस्टम, जेक, टूल किट सहित जरूरी कागजात गायब मिले। अज्ञात चोर गाड़ी के पार्टस चोरी कर ले गए।


कनीना। सेहलंग के समीप दुर्घटनाग्रस्त कार में चोरी। फोटो: हरिभूमि

पुलिस के अनुसंधान अधिकारी सुखबीर सिंह ने बताया कि घटना स्थल का मौका मुआयना कर केस दर्ज कर लिया है।

## पार्क में झूले पर लटकता मिला शव

**महेंद्रगढ़।** सतनाली के शहीद स्मृति पार्क में मंगलवार सुबह सात बजे एक 35 वर्षीय व्यक्ति का शव झूले पर फंदे से लटकता मिला। सुबह सैर करने वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद सतनाली थाना प्रभारी अनिल कुमार ने अपनी टीम सहित मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतरवाया। हालांकि अभी तक युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर महेंद्रगढ़ के नागरिक अस्पताल में पहुंचा दिया है। मृतक युवक की पहचान के लिए पुलिस टीमें प्रयास कर रही हैं। साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। सतनाली सरपंच प्रतिनिधि धर्मबीर गोठवाल ने बताया कि पार्क में सैर के लिए आने वाले लोगों ने सुबह करीब सात बजे उन्हें सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे तो पार्क में लगे झूले से युवक का शव लटका मिला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। 20 मिनट बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को झूले के पाइप से उतारा। शव की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। सरपंच प्रतिनधि धर्मबीर के बयान पर शव का पोस्टमार्टम करा शिनाख्त के लिए नागरिक अस्पताल महेंद्रगढ़ के शवगृह में रखवाया गया है। पुलिस मृतक के कपड़ों व फोटो से पहचान का प्रयास कर रही है।

# डीसी ने खेड़ी की मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

***सर्वश्रेष्ठ गांव पुरस्कार समारोह का आयोजन***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि सरकार की योजनाओं से समाज की सोच में बदलाव आने लगा है। अब बेटियां हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। डीसी मंगलवार को सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत सर्वश्रेष्ठ गांव पुरस्कार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उपायुक्त ने लिंगानुपात में सुधार लाने वाले गांव खेड़ी की 10वीं की तीन मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया।


नारनौल। गांव खेड़ी की मेधावी छात्राओं को चेक सौंपते डीसी कैप्टन मनोज कुमार।

इस समारोह में गांव खेड़ी को वर्ष 2025 के लिए जिले में प्रथम स्थान पर चुना गया। गांव खेड़ी ने 1306 का लिंगानुपात हासिल कर अन्य गांवों के लिए एक मिसाल पेश की है। इस उपलब्धि पर उपायुक्त ने गांव की मेधावी तीन छात्राओं को नकद पुरस्कारों से नवाजा। प्रथम स्थान पर रही खुशी पुत्री सरजीत को 75000 रुपये, द्वितीय स्थान पर कृतिका पुत्री रामपाल को 45000 रुपये और तृतीय स्थान पर लक्की पुत्री सुरेश को 30000 रुपये के चेक प्रदान किए गए।

## इनको भी किया कार्यक्रम में सम्मानित

उपायुक्त ने कहा कि यह सम्मान न केवल बेटियों की मेहनत का है, बल्कि उस पूरी टीम का है, जिसने गांव में जागरूकता फैलाने का काम किया। इसी कड़ी में बेहतर कार्य करने के लिए सीएचसी सेहलंग की एसएमओ डॉ. प्रभा यादव, सरपंच पंकज, बीएसी इंद्रजीत, एएनएम सुदेश कुमारी सहित लाली, मंजू, सुमन देवी, शशि बाला और पूनम आशा कार्यकर्ताओं को भी प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सीएमओ डॉ. अशोक कुमार, डीडीपीओ प्रमोद कुमार, उप सिविल सर्जन पीएनडीटी डॉ. हर्ष चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप, प्रवीण, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

# एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के खिलाड़ी करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

- खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया

एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में जगह बनाई है। चयनित खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया है। उन्होंने बताया कि बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से 26 मार्च को रोहतक में आयोजित होने वाली इस प्रदेश स्तरीय जूनियर खेल प्रतियोगिता में प्रदेशभर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रधानाचार्या डॉ. शिप्रा सारस्वत ने बताया कि 20 मार्च को आयोजित बॉक्सिंग प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। इस मौके पर ओमप्रकाश यादव, उपनिदेशक पूर्णसिंह, सीईओ रामधारी, कोऑर्डिनेटर स्नेहलता, खेल प्रमुख सोनू, तेजपाल डीपीई, संगीता डीपीई, बॉक्सिंग कोच विजय, अजीत सिंह उपस्थित थे।


कनीना। प्रदेश स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

# 100 फीट ऊंची टंकी से कूदा युवक, जान गई

***झाड़ली गांव में हुई वारदात, कारणों का नहीं चला पता***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

मैं मर रहा हूं, पानी की टंकी के पास से मेरी लाश उठा लेना, मोबाइल फोन पर अपने दोस्त से इतना कहकर 19 वर्षीय युवक ने करीब 100 फीट ऊंची पानी की टंकी से छलांग लगा दी। जिससे गिरते ही उसकी मौत हो गई। यह घटना गांव झाड़ली में सामने आई है। जहां एक 19 वर्षीय युवक रविंद्र ने पानी की टंकी से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

इस बारे में मृतक के पिता राधेश्याम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 मार्च की रात्रि को 9:30 बजे उसका बेटा रविंद्र खाना खाकर घर से बाहर निकाला था। कुछ देर बाद रविंद्र ने अपने दोस्त सोमवीर के पास फोन कर कहा कि वह मर रहा है, उसकी लाश पानी की टंकी के पास से उठा लेना। सोमबीर ने बेटे को समझने का प्रयास किया, लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था।

युवक पानी की टंकी से कूद गया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजन उसे रात को ही उसे उप नागरिक अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सदर थाना पुलिस ने राधेश्याम की शिकायत पर इत्तेफाकिया कार्रवाई करते हुए युवक का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

## नशा मुक्त भारत अभियान व नारकोड को लेकर एडीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

अभियान के सकारात्मक परिणाम आए सामने

जिले के 195 गांव पूरी तरह नशामुक्त

# विशेष चेकिंग अभियान : 60 दवाइयों की दुकानों की जांच, 4 के लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रदेश सरकार युवाओं को नशे जैसी बुराई से दूर रखने के लिए पूरी तरह गंभीर है। खुद मुख्यमंत्री इस मामले में लगातार बैठकें लेकर स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। ऐसे में सभी विभाग व अधिकारी आपसी समन्वय तथा टीम भावना के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त तरुण पावरिया ने मंगलवार को लघु सचिवालय के मीटिंग हॉल में नशा मुक्त भारत अभियान व नारकोड के तहत आयोजित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। एडीसी ने कहा कि सरकार के सख्त आदेश हैं कि नशे के खिलाफ अभियान में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशासन की ओर से नशीली दवाओं की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए फरवरी माह में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके तहत 60 दवाइयों की दुकानों की जांच की गई और नियमों का उल्लंघन मिलने पर चार दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं।


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी तरुण कुमार पावरिया। फोटो: हरिभूमि

युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देने के लिए पुलिस विभाग की ओर से जिले के 210 गांवों में खेल गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिनमें पांच हजार से अधिक युवा सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। जिले के सभी शिक्षण संस्थानों में सेमिनार और जागरूकता रैलियों के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया है।

## नशा मुक्त भारत अभियान की रिपोर्ट प्रस्तुत की

इस दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने नशा मुक्त भारत अभियान की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इससे पहले एडीसी ने चिन्हित अपराध को लेकर भी अधिकारियों की बैठक ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस बैठक में एसडीएम अनिरुद्ध यादव, नांगल चौधरी के एसडीएम उदय सिंह, कनीना के एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह, नगराधीश डॉ. मंगल सेन, डीएसपी सुरेश कुमार व जिला न्यायवादी रमणीक यादव के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि इन सामूहिक प्रयासों के सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं, जिसके फलस्वरूप जिले के 195 गांव अब तक पूरी तरह नशामुक्त हो चुके हैं।